13/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह गुजरात के अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद निवारक उपाय के रूप में **जेनएक्स इंजन** से लैस **बोइंग 787-8/9** विमानों पर अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण करे। डीजीसीए ने कहा कि निरीक्षण को अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय में तत्काल प्रभाव से किया जाना चाहिए।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल का दौरा किया और एयर इंडिया विमान दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र घायल भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक **विश्वाश कुमार रमेश** से मुलाकात की। श्री मोदी ने विमान दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उनका यह दौरा एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना के एक दिन बाद हुआ, जिसमें गुजरात के पूर्व सीएम **विजय रूपानी** और 12 क्रू मेंबर्स सहित 241 लोगों की जान चली गई। बचाव कार्य में कई सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं।

00000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल गुजरात के अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया की विमान दुर्घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना ज़ाहिर की। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार भी इस क्षति पर शोक व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ शामिल है और सभी प्रभावितों के लिए प्रार्थना करती है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने सैन्य प्रतिष्ठानों के तीन दिवसीय दौरे के तहत ने रंगिया, मिसामारी, ठाकुबारी और तेजपुर सैन्य स्टेशनों का दौरा किया, जहां उन्होंने अधिकारियों, सैनिकों और स्थानीय सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक रूप से बातचीत की। उन्होंने आज 4th कोर युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी यात्रा का समापन किया। अपनी यात्रा के दौरान, राज्यपाल ने अधिकारियों से उभरते सुरक्षा खतरों को संबोधित करते हुए पारंपरिक ढांचे से परे सोचने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों विशेष रूप से, सभी रक्तदाताओं को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान सबसे निस्वार्थ और नेक कार्यों में से एक है जो एक व्यक्ति कर सकता है। यह न केवल एक चिकित्सा आवश्यकता है, बल्कि उन लोगों के लिए जीवन रेखा है जो अपने जीवन में आपात स्थिति, सर्जरी, दुर्घटनाएं हों या पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हों। एक ही दान किसी के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हो सकता है। उन्होंने राज्य वासियों से आगे आकर आशा, उपचार और किसी के जीवन का दूसरा मौका देने के लिए रक्तदान ज़रूर करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू को पेमा 3.0 के एक वर्ष पूरे होने और पद पर नौ परिवर्तनकारी वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्री खांडू का दूरदर्शी और जन-केंद्रित नेतृत्व अरुणाचल प्रदेश को समावेशी विकास, पारदर्शिता और नवाचार की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम एक उज्जवल, मजबूत और अधिक लचीला अरुणाचल बनाने के लिए तत्पर हैं।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल सेक्रेटेरिएट ऑफ़िस ईटानगर में चांगलांग जिले के जयरामपुर में द्वितीय विश्व युद्ध स्मारक संग्रहालय को अपग्रेड करने पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में, उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के **80वें कॉमेमोरेशन** के हिस्से के रूप में पांगसौ पास विंटर फ़िस्टिवल में भव्य समारोह का प्रस्ताव भी रखा, जिसमें पासीघाट में हम्प WWII म्यूज़ियम से पांगसौ पास तक **विली जीप रैली** और लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक सुपर कार रैली आयोजित कराई जाए।

0000000000000000000000

पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव ने रविवार 15 जून को होने वाली अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (APSSB) की परीक्षाओं के संबंध में एक व्यापक समीक्षा बैठक की और विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का जायजा लिया, खासकर मौसम विभाग द्वारा जारी की गई हीट वेब अलर्ट के मद्देनजर।

0000000000000000000000

7वीं जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति NCORD की बैठक उपायुक्त विशाखा यादव की अध्यक्षता में डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने नशीली दवाओं के खतरे से निपटने और समुदाय की रक्षा के लिए सभी हितधारकों से समन्वित प्रयासों और निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के मेबो स्थित अयेंग गांव के सामुदायिक भवन में गुरुवार को **'विकसित कृषि संकल्प अभियान'** के तहत 15 दिवसीय प्री-खरीफ कृषि अभियान का समापन हुआ। यह अभियान पासीघाट कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया।

0000000000000000000000

वैज्ञानिक पहुंच, टिकाऊ प्रथाओं और किसान सशक्तिकरण के माध्यम से भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान कल अपर सियांग और सियांग जिले में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान, जिलों के लगभग 81 गांवों को कवर किया गया और 6,900 से अधिक किसानों को इस पहल का सीधा लाभ मिला।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, शी-योमी, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, दिबांग वैली, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

0000000000000000000000